होरी के रसिया से ये कहदो हम बरसाने वाले है

होरी के रसिया से ये कहदो हम बरसाने वाले है,
हम बरसाने वाले है ना घबराने वाले है,
ना डर जाने वाले है ना शरमाने वाले है,
नंद के छोरा, होली के रसिया,
नंद के छोरा से ये कहदो हम बरसाने वाले है....

सोच समझ के अबके आना फिर से मजा चखाएंगे,
दंगल करले होली मैं फिर बाज़ी हम ले जाएंगे,
होली आई होली आई होली आई होली,
होरी होरी होरी, होरी होरी होरी, होरी होरी होरी,
तुझे हराने वाले मात ना खाने वाले है,
होरी के रसिया, नंद के छोरा, नंद के झोटा(ग्वाले) से ये कहदो,
हम बरसाने वाले है ....

बरसो से तुम हारते आए अब के क्या करलोगे तुम,
बात करेंगे पीछे तुम, फगवा मैं क्या दोगे तुम,
होली आई होली आई होली आई होली,
होरी होरी होरी, होरी होरी होरी, होरी होरी होरी,
ओह लठ बजाने वाले है मार भागने वाले है,
होरी के रसिया......

गोपाली पागल रसिया ऐठ पकड़ के आता है,
श्री जी के चरणों में शीश ये अपना पाता है,
होली आई होली आई होली आई होली,
होरी होरी होरी, होरी होरी होरी, होरी होरी होरी,
ध्वजा फहराने वाले है जय बुलवाने वाले है,
होरी के रसिया......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26525/title/hori-ke-rasiya-se-ye-kehdo-hum-barsane-wale-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |